बीएचईएल राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से सम्मानित

सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी बीएचईएल को राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राजभाषा के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित हिंदी दिवस एवं चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री नित्यानंद राय ने बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री के सदाशिव मूर्ति को प्रदान किया।

*****